समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# पाकिस्तान के पक्ष मे खड़ा हुआ चीन, भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक को बताया दुखद।

Publisher Published on 07 May 2025

**ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमे लंश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय मुरिदके और जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर शामिल था. ये आतंकी संगठन भारत मे हुए भीषण आतंकी हमलों मे शामिल रहे है.**

पाकिस्तान पर भारत के एयर स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चीन का जवाब आया है. बुधवार को पाकिस्तान और भारत के बीच बने हालात को लेकर सवाल पूछे जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत की सैन्य कार्रवाई को चीन "दुखद" मानता है. चीन ने कहा कि वह स्थिति को लेकर चिंतित है. प्रवक्ता ने आगे कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों एक-दूसरे के पड़ोसी हैं और चीन के भी पड़ोसी हैं.

चीन हर तरह के आतंकवाद का विरोध करता है, लेकिन वह सभी पक्षों से शांति और स्थिरता बनाए रखने की अपील करता है. चीन ने भारत और पाकिस्तान से कहा है कि वे संयम बरतें, हालात को और बिगाड़ने वाले किसी भी कदम से बचें और शांतिपूर्ण तरीके से मसले को सुलझाएं.

भारत का ऑपरेशन सिंदूर
भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए एक बार फिर यह साबित कर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी. 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी, के जवाब में भारत ने बुधवार तड़के 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम देकर पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में आतंक के अड्डों को ध्वस्त कर दिया.

तीनों सेनाओं की संयुक्त कार्रवाई
यह ऑपरेशन भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना, तीनों की साझा सैन्य कार्रवाई थी, जो 1971 के युद्ध के बाद पहली बार देखने को मिली. बुधवार तड़के 1:44 बजे भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान और PoK में मौजूद 9 बड़े आतंकी ठिकानों पर एक साथ हमला बोला. ये वे जगहें थीं जहां से भारत में आतंकी हमलों की साजिशें रची जाती थीं और आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती थी.

आतंक के दो बड़े अड्डों पर हमला
इस ऑपरेशन के तहत जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय मुरिदके और जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर शामिल था. ये दोनों आतंकी संगठन भारत में हुए भीषण आतंकी हमलों में शामिल रहे हैं. भारतीय खुफिया एजेंसियों ने इन ठिकानों की पहचान की और सेना ने उन्हें सटीकता से नष्ट किया.

हाइटेक हथियारों का इस्तेमाल
रक्षा सूत्रों के मुताबिक, इस ऑपरेशन में स्टैंडऑफ क्रूज़ मिसाइल, BVR मिसाइलें और लॉटरींग म्यूनिशन जैसे आधुनिक हथियारों

का इस्तेमाल किया गया. भारतीय सेना ने स्पष्ट किया कि इस कार्रवाई में किसी पाकिस्तानी सैन्य बेस को निशाना नहीं बनाया गया, सिर्फ आतंकी ठिकानों पर हमला किया गया ताकि निर्दोषों को नुकसान न पहुंचे.

सरकार की रणनीति का असर

सूत्रों की मानें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना को ऑपरेशन की पूरी छूट दी थी. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी ऑपरेशन के बाद X पर इसका समर्थन करते हुए कहा कि यह कार्रवाई न्याय का प्रतीक है. सेना ने भी ऑपरेशन के बाद एक मजबूत संदेश देते हुए X पर लिखा — “Justice is served” यानी “इंसाफ हो गया”.

पाकिस्तान ने बंद किया एयरस्पेस

भारत की इस सर्जिकल स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने 48 घंटे के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया, जिससे यह साफ हो गया कि भारत की यह कार्रवाई उसके लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है. ऑपरेशन सिंदूर न सिर्फ भारत की सैन्य क्षमता का प्रतीक है, बल्कि यह संदेश भी है कि अब आतंक का जवाब सीधे उसके घर में घुसकर दिया जाएगा.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.